विद्या भवन, बालिका विद्यापीठ, लक्खीसराय

वर्ग-अष्टम्

विषय-हिन्दी

।। अभ्यास-सामग्री ।।

पाठ-५ सोना

आज इस पाठ से संबंधित प्रश्नोत्तर दिए जा रहे हैं ,जिन्हें बनाएं –



अभ्यास

1. नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर सम्बन्धित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

शावक अवांछित तो था ही उसके बचने की आशा भी धूमिल थी परंतु उसे मैंने स्वीकार कर लिया। लिहाज मुझसे ... कारण सब उसे सोना कहने लगे। दूध पिलाने की शीशी, ग्लूकोज, बकरी का दूध आदि सब कुछ एकत्र करके, उसे ... का कठिन अनुष्ठान आरंभ हुआ।

(क) शावक अवांछित क्यों था?

(ख) लेखिका के पास वह कैसे आ गया?

(ग) लेखका ने कैसे उस शावक को बचाया?

(घ) समानार्थी शब्द लिखिए-शावक, अवांछित, धूमिल, अनुष्ठान

36

2. दीर्घ उत्तरीय प्रश्न :

(क) लेखिका को सोना की स्मृति हो आने का क्या कारण था?

(ख) 'सोना' का रूप-रंग कैसा था?

(ग) सोना लेखिका से अपना स्नेह प्रदर्शन किस प्रकार करती थी?

(घ) बद्रीनाथ की यात्रा से वापस आने पर पालतू जीवों ने लेखिका का किस प्रकार स्वागत किया?

(ङ) सोना की करुण कथा का अंत किस प्रकार हुआ?

3. आशय स्पष्ट कीजिए :

परंतु उस बेचारे हरिण-शावक की कथा तो मिट्टी की ऐसी व्यथा कथा है; जिसे मनुष्य की निष्ठुरता गढ़ती है।

4. पाठ में स्वर रहित र [्र] और स्वर सहित र [र] वाले शब्दों का बहुतायत से प्रयोग हुआ है। सूची बनाइए-

[्र] .....

[र] .....

5. ऋ की मात्रा है [ृ] । पाठ में से [ृ] की मात्रा के शब्द चुनकर सूची बनावें और किन्हीं दो का अर्थ भी लिखिए।

6. निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए-

जो जान-पहचान का हो .....

जिसकी वांछा (इच्छा) न हो .....

अबोध शिशु की अवस्था .....

जहाँ छात्र-छात्राएँ निवास करें .....

सुबह का नाश्ता .....

जिसका रंग सोने जैसे सुनहरा हो .....

. 'इत' और 'ईय' प्रत्यय शब्दांश जोड़कर प्रत्येक से पाँच-पाँच शब्द बनाइए-

.....

.....

.....

.....

8. विलोम शब्द लिखिए :

तरल – .....

सुप्त – .....

स्वामी – .....

लघु – .....

मृत – .....

सुडौल – .....

9. नीचे लिखे शब्दों का वाक्यों में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि अर्थ स्पष्ट हो जाए :

व्यथा .....

निरीक्षण .....

सजीव .....

शैशवावस्था .....

10. निर्देशानुसार वाक्य बदलकर पुनः लिखिए :

(क) वह हरिणी आएगी और अपने मुँह से मेरी साड़ी का छोर चबाएगी। (भूतकाल)

.....

(ख) एक दिन देखा, फ्लोरा कहीं बाहर घूमने गई है। (भविष्यत् काल)

.....

(ग) वह उछली और छलाँगे लगाती निकल गई। (वर्तमान काल)

.....

रचनात्मक प्रश्न

अपने पालतू जानवर की कहानी लिखिए।

'पशुओं के प्रति स्नेह' पर एक लेख लिखिए।